कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 21.09.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

# विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन कम्प्यूटर साईंस विभाग के द्वारा किया गया। छात्राओं ने कम्प्यूटर लैब में साज–सज्जा के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्म प्रधान शैली के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा के प्रेरणास्पद जीवन से सीखने को आवश्यक बताया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने पौराणिक तथ्यों पर आधारित भगवान विश्वकर्मा के प्रेरक प्रसंग सुनाए।

छात्राओं के साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ0 ऋचा ठाकुर, श्री गणेश राम नायक, श्री जागृत ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस समारोह में प्राध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित थीं।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

VISHWAKARMA
JAYANTI
2023-24
DEPARTMENT OF
COMP-SCI